प्रस्ताव

22 ऐप-आधारित परिवहन और डिलीवरी कंपनियों को कुछ ड्राइवरों को कर्मचारी लाभ उपलब्ध करवाने से छूट देती है। पहल संबंधी कानून

आधिकारिक शीर्षक और सारांश — महान्यायवादी द्वारा तैयार किया गया

इस उपाय के टेक्स्ट को राज्य सचिव की वेबसाइट *voterguide.sos.ca.gov* पर देखा जा सकता है।

- ऐप-आधारित परिवहन (राइडशेयर) और डिलीवरी कंपनियों के लिए ड्राइवरों को "कर्मचारी" नहीं, बल्कि "स्वतंत्र ठेकेदारों" के तौर पर वर्गीकृत करता है, जब तक कि कंपनी: ड्राइवरों का कार्यसमय निर्धारित नहीं करती है, विशिष्ट सवारी या डिलीवरी अनुरोधों के लिए स्वीकृति को आवश्यक नहीं बनाती हैं, या अन्य कंपनियों के लिए काम करने पर प्रतिबंध नहीं लगाती है।
- न्यूनतम पारिश्रमिक, ओवरटाइम, बेरोज़गारी बीमा और कामगार मुआवज़े सहित - स्वतंत्र ठेकेदारों को विभिन्न राज्य रोज़गार कानूनों द्वारा कवर नहीं किया जाता है।
- इसकी बजाय, स्वतंत्र-ठेकेदार ड्राइवर न्यूनतम आय, स्वास्थ्य देखभाल संबंधी सब्सिडीज़ और वाहन बीमा सहित- अन्य मुआवज़े के हकदार होंगे।
- ऐप-आधारित ड्राइवरों के कुछ स्थानीय विनियमन को प्रतिबंधित करता है।
- ड्राइवरों द्वारा प्रतिरूपण को अपराध बनता है ।

राज्य और स्थानीय सरकार पर पड़ने वाले शुद्ध राजकोषीय प्रभाव का विधायी विश्लेषक के अनुमान का सारांश:

- राइडशेयर और डिलीवरी कंपनी के ड्राइवरों एवं निवेशकों द्वारा भुगतान किए गए राज्य आयकर में मामूली वृद्धि।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण

पृष्ठभूमि

ऐप-आधारित राइड और डिलीवरी। कुछ कंपनियां ग्राहकों को फोन ऐप द्वारा राइड किराए पर लेने या डिलीवरी के लिए भोजन ऑर्डर करने देती हैं। इन कंपनियों को अक्सर राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियाँ कहा जाता है। अधिकांश बड़ी राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों का मुख्यालय California में है। कुल मिलाकर, ये कंपनियां Ford, General Motors, और Fiat Chrysler के संयुक्त मूल्य के लगभग बराबर की हैं।

राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियां ड्राइवरों को स्वतंत्र ठेकेदार के तौर पर नियुक्त करती हैं। एक स्वतंत्र ठेकेदार वह होता है जो किसी व्यवसाय के लिए काम करता है लेकिन व्यवसाय का कर्मचारी नहीं है। राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों के ड्राइवर चुनते हैं कि कब, कहां और कितना काम करना है। ड्राइवर अपनी कारों का उपयोग करते हैं और अपने स्वयं के खर्चों का भुगतान करते हैं।

अधिकांश ड्राइवर अंशकालिक तौर पर काम करते हैं। ज्यादातर ड्राइवर अंशकालिक तौर पर काम करते हैं और कई ड्राइवर कुछ थोड़े समय के लिए ही काम करते हैं या कभी-कभार ही ड्राइव करते हैं। राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियां ड्राइवरों को ऐप-आधारित सेवाओं के लिए किराए या डिलीवरी शुल्क का भुगतान करती हैं। ड्राइवर अपने समय का लगभग एक तिहाई भाग सवारी और डिलीवरी के लिए इंतजार करने में खर्च करते हैं और इस समय के दौरान उन्हें कोई भुगतान नहीं किया जाता है। इंतजार के समय और ड्राइविंग के खर्च का हिसाब रखने के बाद ज्यादातर ड्राइवर संभवत: $11 से $16 प्रति घंटे कमा लेते हैं।

राज्य कहता है कि राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों को कर्मचारियों के तौर पर काम पर रखा जाना चाहिए। राज्य ने हाल ही में एक कानून पारित किया है जो कर्मचारियों को स्वतंत्र ठेकेदारों के तौर पर काम पर रखने की कंपनियों की क्षमता को सीमित करता है। राज्य के महान्यायवादी कहते हैं कि कानून का अर्थ है कि राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों को कर्मचारियों के तौर पर काम पर रखा जाना चाहिए। राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियां इस बात से सहमत नहीं हैं कि यह नया राज्य कानून उनके ड्राइवरों को कर्मचारी बनाता है। कंपनियां ड्राइवरों को स्वतंत्र ठेकेदारों के तौर पर नियुक्त करना जारी रखे हुए हैं। राज्य के महान्यायवादी ने हाल ही में दो राइडशेयर कंपनियों को कर्मचारियों को ड्राइवरों के तौर पर नियुक्त करने के लिए बाध्य करने के लिए मुकदमा दायर किया। अगर न्यायालय महान्यायवादी से सहमत होते हैं, तो कंपनियों को ड्राइवरों को कर्मचारियों के तौर पर नियुक्त करना होगा।

कर्मचारियों के तौर पर, ड्राइवरों को मानक लाभ और सुरक्षाएं मिलेगी। कर्मचारियों के तौर पर, ड्राइवरों को मानक लाभ और सुरक्षाएं मिलेगी, जो स्वतंत्र ठेकेदारों को नहीं दी जाती हैं। उदाहरण के लिए, कर्मचारियों को कम से कम न्यूनतम वेतन का भुगतान और ओवरटाइम के लिए अतिरिक्त वेतन का भुगतान करना आवश्यक होगा। कर्मचारियों को भी अवकाश लेने और बीमार होने पर सवेतन छुट्टी लेने की अनुमति दी जानी आवश्यक होगी। साथ ही, कर्मचारियों के तौर पर, ड्राइवरों को कब, कहां और कितना काम करना है, इसके बारे में कम विकल्प होगा।

विधायी विश्लेषक द्वारा विश्लेषण जारी है

प्रस्ताव

ड्राइवरों को स्वतंत्र ठेकेदार बनाता है। यह उपाय ऐप-आधारित राइडशेयर और डिलीवरी ड्राइवरों को स्वतंत्र ठेकेदार बनाता है। नया राज्य कानून जो कर्मचारियों को स्वतंत्र ठेकेदारों के तौर पर काम पर रखने की कंपनियों की क्षमता को सीमित करता है, ड्राइवरों पर लागू नहीं होगा।

ड्राइवरों को कुछ नियत लाभ प्रदान करता है। यह उपाय राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों को कुछ नियत लाभ प्रदान करना आवश्यक बनाता है:

- ***न्यूनतम आमदनी।*** यह उपाय कंपनियों द्वारा किसी ड्राइवर द्वारा ड्राइव पर लगे हर एक घंटे के लिए स्थानीय न्यूनतम भुगतान का 120 प्रतिशत भुगतान करना आवश्यक बनाता है, लेकिन इंतजार करने के समय के लिए नहीं।
- ***स्वास्थ्य बीमा वजीफा।*** उन ड्राइवरों के लिए जो सामान्य रूप से प्रति सप्ताह 15 घंटे से अधिक काम करते हैं (इंतजार करने के समय को शामिल किए बिना), यह उपाय आवश्यक बनाता है कि कंपनियां स्वास्थ्य बीमे के लिए भुगतान करने में मदद करें।ने
- ***किसी ड्राइवर को काम करते समय चोट लगने पर लागत का भुगतान करें।*** यह उपाय आवश्यक बनाता है कि ड्राइविंग या इंतजार करते समय किसी ड्राइवर के घायल होने पर कंपनियां चिकित्सा लागत का भुगतान करें और कुछ खोई हुई आय की प्रतिपूर्ति करें।
- ***आराम संबंधी नीति।*** यह उपाय ड्राइवरों को एकल राइडशेयर या डिलीवरी कंपनी के लिए 24 घंटे की अवधि में 12 घंटे से अधिक काम करने की मनाही करता है।
- ***अन्य आवश्यकताएं।*** यह उपाय कार्यस्थल पर भेदभाव को रोकता है और इसके लिए कंपनियों के लिए आवश्यक बनाता है: (1) यौन उत्पीड़न नीतियों का विकास करें, (2) आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच करें, और (3) ड्राइवरों के लिए सुरक्षा प्रशिक्षण पूरा करने को ज़रूरी बनाएं।

अतिरिक्त नियम निर्धारित करने की स्थानीय सरकार की क्षमता को सीमित करता है। यह उपाय राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों पर अतिरिक्त नियमों को लागू करने की शहरों और काउंटी की क्षमता को सीमित करता है।

वित्तीय प्रभाव

राइडशेयर और डिलीवरी ड्राइवर कर्मचारी हैं या स्वतंत्र ठेकेदार, इसका अभी भी अदालतों में फैसला किया जा रहा है। नीचे दिए गए वित्तीय प्रभाव यह मान लेते हैं कि अदालतें राज्य से सहमत हैं कि नए राज्य कानून के तहत ड्राइवर कर्मचारी हैं।

राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों के लिए कम लागतें और उच्च लाभ। यह उपाय राइडशेयर और डिलीवरी कंपनियों को कर्मचारियों की जगह ड्राइवरों को स्वतंत्र ठेकेदार के तौर पर नियुक्त करने की अनुमति देता है। कंपनियों को मानक कर्मचारी लाभ और सुरक्षा प्रदान करने की लागत का भुगतान नहीं करना होगा, जो आमतौर पर कर्मचारी लागतों का 20 प्रतिशत होता है। इससे कंपनियां कम किराए और डिलीवरी शुल्क ले सकेंगी। कम कीमतों के साथ, ग्राहक अधिक राइड करेंगे और अधिक ऑर्डर देंगे। इससे कंपनियों का मुनाफा बढ़ सकता है। अधिक मुनाफे से कंपनियों के शेयर की कीमतों में वृद्धि होगी।

ड्राइवर और शेयरधारक अधिक आय करों का भुगतान करेंगे। क्योंकि लोग अधिक राइड लेते हैं और अधिक ऑर्डर करते हैं, एक समूह के तौर पर ड्राइवर अधिक आय अर्जित करेंगे। इसका मतलब है कि ड्राइवरों द्वारा भुगतान किए गए राज्य आय कर में वृद्धि होगी। California वासी जो राइडशेयर और डिलीवरी कंपनी के शेयरों के मालिक हैं, वे स्टॉक बेचने पर अधिक कमा सकते हैं। वे इन बढ़े हुए लाभों पर राज्य के आय करों का भुगतान करेंगे। ड्राइवरों और शेयरधारकों द्वारा भुगतान किए गए बढ़े हुए राज्य व्यक्तिगत आय करों की मात्रा अज्ञात है, लेकिन संभवतः मामूली है।

वित्तीय प्रभावों का सारांश

इस उपाय का निम्नलिखित वित्तीय प्रभाव होगा:

- राइडशेयर और डिलीवरी कंपनी के ड्राइवरों एवं निवेशकों द्वारा भुगतान किए गए राज्य आय कर में मामूली वृद्धि।

प्रमुख रूप से इस उपाय का समर्थन या विरोध करने के लिए बनाई गई समितियों की सूची के लिए *http://cal-access.sos.ca.gov/campaign/measures/* पर जाएं।

समिति के शीर्षस्थ 10 योगदानकर्ताओं तक पहुंचने के लिए *http://www.fppc.ca.gov/transparency/top-contributors.html* पर जाएं।

यदि आप इस राज्य के उपाय के संपूर्ण टेक्स्ट की एक प्रतिलिपि प्राप्त करने के इच्छुक हैं, तो कृपया राज्य सचिव को (888) 345-2692 पर कॉल करें या आप *vigfeedback@sos.ca.gov* पर ईमेल भेज सकते हैं और आपको एक प्रतिलिपि नि:शुल्क डाक द्वारा भेज दी जाएगी।